सोमवार
04 सितंबर, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सनातन धर्म पर स्टालिन का बयान, एक अशोभनीय टिप्पणी : चिराग

2




## केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर मंथन शुरू

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वन नेशन, वन इलेक्शन पर देशभर में नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की। कोविंद लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर गौर करने के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं। कानून सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य अधिकारियों ने कोविंद को बताया कि समिति के सामने एजेंडे पर किस तरह आगे बढ़ेंगे। नितेन चंद्रा उच्च स्तरीय समिति के सचिव भी हैं और रीता वशिष्ठ का विभाग चुनाव के मुद्दे, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और संबंधित नियमों से संबंधित है।



केंद्र सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर गौर करने के लिए शनिवार को 8 सदस्यीयों की कमेटी गठित की। इस कमेटी की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे और इसमें गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह सदस्य होंगे।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को समिति में शामिल नहीं करने को लेकर भी निशाना साधा। केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर कमेटी ऐसे समय में बनाई है जब इस साल के आखिरी में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने वाले हैं। वहीं अगले साल लोकसभा का चुनाव होने वाला है। वन नेशन, वन इलेक्शन पर उठाए गए कदमों को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ह्यएक्सह्न पर अपने पोस्ट में कहा कि इंडिया भारत है और यह राज्यों का संघ है। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है।

**लोकसभा की परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी कमेटी :** यह कमेटी अविश्वास प्रस्ताव, दल-बदल कानून और लोकसभा की परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी और उसके मुताबिक अपने सुझाव देगी। इसके अलावा समिति लोकसभा, विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना पर विचार और सिफारिश करेगी। फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि कमेटी का कार्यकाल कितना होगा। हालांकि समिति को जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## बहुदलीय लोकतंत्र व संघवाद के लिए विनाशकारी

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर कहा है कि यह बहुदलीय लोकतंत्र और संघवाद के लिए विनाशकारी होगा। ओवैसी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक कॉपी की फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि यह उस समिति की नियुक्ति की अधिसूचना है जो वन नेशन वन इलेक्शन के मामले को देखेगी। साफ है कि यह बस एक औपचारिकता है और सरकार पहले ही इस पर आगे बढ़ने का फैसला कर चुकी है। एक राष्ट्र एक चुनाव बहुदलीय संसदीय लोकतंत्र और संघवाद के लिए विनाशकारी होगा।



ओवैसी ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि आने वाले विधानसभा चुनावों के कारण मोदी को गैस के दाम कम करने पड़े। वह एक ऐसा सिनेरियो (परिदृश्य) चाहते हैं, जहां अगर वह चुनाव जीत जाते हैं तो अगले पांच साल बिना किसी जवाबदेही के जनविरोधी नीतियों को आगे बढ़ाने में बिताएं।

ओवैसी ने पोस्ट किया कि मोदी सरकार ने एक पूर्व राष्ट्रपति को एक सरकारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त करके भारत के राष्ट्रपति के उच्च पद का दर्जा कम कर दिया है। इसके अलावा गुलाम नबी आजाद का नाम लिए बगैर ओवैसी ने लिखा कि एक पूर्व राज्यसभा एलओपी को क्यों शामिल किया गया है?"

## वन नेशन-वन एजुकेशन होना चाहिए: केजरीवाल



दिल्ली। रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भिवानी पहुंचे। वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी ने वन नेशन, वन इलेक्शन का नया शिगूफा छोड़ा है। इससे आम आदमी को कुछ नहीं मिलेगा। सीएम केजरीवाल ने वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर सवालिया अंदाज में तंज करते हुए कहा कि हमको क्या मिलेगा 10 या 12 इलेक्शन से? आम आदमी को इससे क्या मिलेगा? उन्होंने एक जैसी शिक्षा की मांग करते हुए कहा, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की जगह 'वन नेशन, वन एजुकेशन' चाहिए। जैसे अमीर के बच्चे को अंबानी के बच्चे या अडानी के बच्चे को शिक्षा मिलती है, उसी तरह मेरे किसान और मजदूर के बच्चों को शिक्षा मिलनी चाहिए। जहां अमीर और गरीब के बच्चों को समान स्तर की शिक्षा मिले। वन नेशन, वन इलेक्शन की तर्ज पर वन नेशन, वन इलाज शुरू होना चाहिए, सबको अच्छा इलाज मिलना चाहिए। अमीर और गरीब को सबको अच्छा इलाज मिलना चाहिए। सीएम केजरीवाल ने कहा कि हमारा फायदा तभी है जब वन नेशन, वन इलाज और वन नेशन, वन एजेकुशन होगा।

## सनातन धर्म को खत्म करने की है स्टालिन की राजनीतिक रणनीति

### स्टालिन के सनातन धर्म के ऊपर बयान पर वार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को यह दावा किया कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। उन्होंने मध्य प्रदेश के चित्रकूट में 'जन आशीर्वाद यात्रा' में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और स्वच्छता के मामले में प्रदेश देश में नंबर एक पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्मार्ट सिटी में और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में भी नंबर एक पर है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा, यह हमारी गारंटी है, यह पीएम मोदी की गारंटी है।

वहीं, जेपी नड्डा ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान पर वार किया। उन्होंने पूछा कि क्या यह सनातन धर्म को खत्म करने की उनकी राजनीतिक रणनीति है?" उदयनिधि स्टालिन ने कथित तौर पर कहा है कि हम जैसे डेंगू और मलेरिया को समाप्त करते हैं, ऐसी ही सनातन को खत्म कर दो।

**भारत को विकसित देश बनाने में जुटा है एनडीए :** विपक्षी दलों के गठबंधन पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि जिस समय पीएम मोदी के मार्गदर्शन में एनडीए गठबंधन भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम में जुटा है, एक तरफ भारत चांद और सूरज को जीत सके इसमें लगा है और जब पहली बार जी20 में शामिल होने के लिए दुनिया के सबसे ताकतवर लोग आ रहे हैं। उस समय इंडिया गठबंधन हमारी संस्कृति और धर्म को नुकसान पहुंचा रहा है। यह इंडिया गठबंधन है या 'घमंडिया' गठबंधन।



♦ बोले भाजपा अध्यक्ष... यह इंडिया गठबंधन है या 'घमंडिया' गठबंधन

चंद्रयान 3 और आदित्य एल 1 की सफलता पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए नड्डा ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि हमारा सैटेलाइट चंद्रमा पर उतरा है। आदित्य-एल-1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया है। यह 4 महीने में 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा, 5 साल तक सूर्य का अध्ययन करेगा और हमें डेटा भेजेगा।

## अंग्रेजों के तलवे चाटने वाले हमें बताएंगे की राष्ट्रवाद क्या होता है: शौकत अली

**एजेंसी/अमरोहा**

उत्तर प्रदेश ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष शौकत अली ने अमरोहा में विवादित बयान दिया है। शौकत अली ने कहा है कि जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा न लिया हो, अंग्रेजों के तलवे चाटे हो, हुक्का चलाते थे, वो लोग हमें बताएंगे राष्ट्रवाद क्या होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की रैली में 'शाकिर साहब जिंदाबाद' के नारे को पाकिस्तान से जोड़ दिया। पाकिस्तान को हम अपने पैरों पर रखते हैं, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और रहेगा।

शौकत अली ने आगे कहा कि बीजेपी वालों के कान में हर वक्त पाकिस्तान घुसता है। फरुर्खाबाद में भी ऐसा हुआ था। एनआरसी के धरने में काशिफ खान जिंदाबाद के नारे को पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा बता दिया था। बीजेपी के आईटी सेल के हेड का काम वीडियो से छेड़छाड़ करके माहौल को खराब व बदनाम करना है।वहीं एक देश, एक चुनाव पर शौकत अली ने कहा कि आरएसएस के एजेंडे को बीजेपी आगे बढ़ा रही है।

**इंडिया गठबंधन पर बोला हमला :** दूसरी तरफ शौकत अली ने इंडिया गठबंधन पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जो बैठक हो रही है, उसमें 15 पार्टियां ऐसी हैं, जिनका अपना कोई सांसद-विधायक भी नहीं है। शरद पवार यह बताएं कि उनकी पार्टी बीजेपी के साथ है या इंडिया गठबंधन के साथ है, क्योंकि भतीजा वहां है तो चाचा यहां है। साथ ही चाचा-भतीजे दोनों साथ में बैठकर चाय पी रहे हैं, वड़ा पाव खा रहे हैं, यह बेवकूफ किसको बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम को सियासत में अछूत समझा जाता है। जब यूपीए बना था तो हमारे नेता ने साथ दिया था। हम बीजेपी के खिलाफ थे, हैं और रहेंगे।




♦ इंडिया गठबंधन में 15 पार्टियां ऐसी हैं, जिनका अपना कोई सांसद और विधायक नहीं

## महाराष्ट्र के जालना में हिंसा के बाद एसपी पर गिरी गाज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना में हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है और मौजूदा जिला पुलिस अधीक्षक तुषार दोशी को छुट्टी पर भेजा दिया। उनकी जगह शैलेश बलकवाड़े को जालना के नए एसपी के तौर पर नियुक्त किया गया है। यह कार्रवाई मराठा आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किए जाने के बाद हिंसा भड़कने की घटना के दो दिन बाद की गई है।

बताया जाता है कि जालना जिले में शुक्रवार को भड़की हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने 40 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में 40 पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल हो गए थे। इस दौरान 15 से अधिक बसों को आग लगा दी गई थी। पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में करीब 360 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जारी आंदोलन शुक्रवार को जालना के अंतरवाली सराटी गांव में हिंसक हो गया था। इसमें दर्जनों पुलिस कर्मी सहित कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर अधिकारियों को भूख हड़ताल पर बैठे एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से रोक दिया था।

**आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार :** हिंसा के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मेरी सरकार राज्य में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे जब तक समुदाय को वाजिब आरक्षण नहीं मिल जाता है।





### आईएएनएस की रिपोर्ट: सब्सिडी के बाद सिलेंडर के लिए 1,050 का भुगतान कर रहें लोग

# विडंबना: बिहार में घरेलू गैस सिलेंडर महंगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने हाल ही में 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला फेस्टिव सीजन के दौरान आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए किया गया है। इस सब्सिडी के बाद लगभग पूरे देश में एलपीजी के भाव 1000 रुपये से कम हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 200-200 रुपये की सब्सिडी का ऐलान करते हुए उसे रक्षाबंधन का गिफ्ट बताया। इस ऐलान के बाद कुछ राज्य सरकारों ने लोगों को अपनी तरफ से भी राहत देते हुए अतिरिक्त सब्सिडी का ऐलान किया।ऐसे में फेस्टिव सीजन से ऐन पहले लोगों को महंगाई से बड़ी राहत मिली है, क्योंकि एलपीजी सिलेंडर लगभग सभी घरों की रसोई में यूज होता है और हर परिवार के रसोई के बजट पर असर डालता है।



हालांकि देश के सभी राज्य के लोग बराबर खुशकिस्मत नहीं हैं। अभी भी कई लोगों को 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के लिए हजार-हजार रुपये से ज्यादा का भुगतान करना पड़ रहा है। आईएएनएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, सब्सिडी के बाद बिहार में लोगों को गैस सिलेंडर के लिए 1,050 रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। मजेदार है कि अब बिहार अकेला राज्य बचा है, जहां घरेलू एलपीजी सिलेंडर का भाव 1000 रुपये से ज्यादा है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मामले में भी ऐसी ही स्थिति है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी के ऐलान के बाद सरकारी तेल व गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के भाव में 158 रुपये की कटौती की। इस कटौती के बाद भी बिहार में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का भाव करीब 1,800 रुपये है, जो देश में सबसे ज्यादा है।

**इन राज्यों में मिल रहा सबसे सस्ता सिलेंडर :** सबसे सस्ते एलपीजी सिलेंडर की बात करें तो इस मामले में राजस्थान का नाम आता है। राजस्थान सरकार 1 अप्रैल से लोगों को महज 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मुहैया करा रही है। हालांकि इसका लाभ पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों और गरीब परिवारों को मिल रहा है। जनता को सस्ता एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराने में गोवा का भी नाम है। गोवा सरकार अपनी तरफ से 275 रुपये की सब्सिडी दे रही है। इसका लाभ अंत्योदय योजना के राशन कार्ड धारकों को मिल रहा है। इस तरह देखें तो गोवा में सबसे सस्ता एलपीजी सिलेंडर करीब 625 रुपये का पड़ रहा है। राज्य सरकारों की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर किसी के लिए नहीं है।

## उदयनिधि स्टालिन के बयान पर नालंदा में चिराग ने सीएम को घेरा, कहा-

# सनातन धर्म पर स्टालिन का बयान, एक अशोभनीय टिप्पणी

- जमुई सांसद ने सीएम से पूछा- क्या नीतीश कुमार विवादित टिप्पणी का समर्थन करते हैं?



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सनातन को लेकर उदयनिधि स्टालिन ने विवादित बयान दिया है, एक अशोभनीय टिप्पणी है, जिससे मुझे नहीं लगता है कि कोई देशवासी जो सभी धर्मों को सम्मान करता है वह इस बयान सहमत होगा। ऐसे गठबंधन में जो भी बिहार के दल शामिल हैं वो बताएं कि इस बयान से सहमत हैं? प्रधानमंत्री के द्वारा एक ओर विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरीके का बयान समाज में भेदभाव और आस्था के साथ खिलवाड़ करता है। चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा कि इस बयान का समर्थन करते हैं?

नालंदा के चंडी प्रखंड अंतर्गत बापू उच्च विद्यालय प्लस टू के मैदान में लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के द्वारा रविवार को विस्तार अभियान सह जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान पहुंचे थे। इस कार्यकम में भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे थे। वहीं, इस कार्यक्रम में चिराग पासवान के पहुंचते ही जोरदार स्वागत किया गया। मंच पर चिराग पासवान के कलाई में कई राखी भी बांधी गई।

### उदयनिधि स्टालिन ने दिया है विवादित बयान

बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया से की थी। शनिवार को चेन्नई में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उदयनिधि ने कहा कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते। हमें उन्हें खत्म करना है। सनातनम (सनातन धर्म) भी ऐसा ही है। सनातन का विरोध नहीं, बल्कि उन्मूलन करना हमारा पहला काम है। वहीं, इस बयान को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

## पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

**केटी न्यूज/सिवान**



जिले के रघुनाथपुर से पूर्व विधायक और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इसको लेकर विक्रम कुंवर ने रविवार को नगर थाना में आवेदन दिया है। पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर ने नगर थाने में आवेदन देकर मामले की तहकीकात कराने की मांग की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान को भी इसकी जानकारी फोन पर दी है। वहीं, इस मामले को लेकर नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने कहा कि पूर्व मंत्री विक्रम कुमार का आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर ने दिए आवेदन में बताया है कि वो कई बार रघुनाथपुर क्षेत्र से विधायक तथा बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। रविवार की दोपहर मेरे मोबाइल नंबर 993403.... पर 9334383038 नंबर से फोन आया। फोन उठाने पर उधर से गाली देते हुए मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। भद्दी-भद्दी गाली दे रहा था। गाली देते हुए फोन करने वाले ने कहा कि बहुत बड़ा नेता बन रहे हो। भ्रष्टाचार की बात करते हो, भ्रष्टाचार का मुद्दा न्यूज में बोलते हो। तुम्हें जान से मार देंगे या मरवा देंगे। सुधर जाओ वरना अंजाम भुगतने को तैयार रहो।

बता दें कि करीब चार दिन पहले पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर का एक मामला सामने आया था। मामला 2022 का था, जिसमें आरोप लगा था कि उन्होंने एक ठेकेदार पर काम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसके विरोध में अपने लेटर पैड के माध्यम से शिकायत की थी। आरोप है कि इस मामलें में दो लाख रुपए मिलने पर शिकायत को रफा दफा कर दिया गया था। इस मामले में एक ऑडियो भी वायरल हुआ था। वहीं, पूर्व मंत्री ने इस आरोप को गलत बताते हुए सीवान नगर परिषद की एक वार्ड सदस्य के पति प्रिंस उपाध्याय की यह करतूत बताई थी।

## उम्मीद...

## देश को बारहमासी चुनावों से मिलेगी मुक्ति



प्रीति चतुर्वेदी

एक देश, एक चुनाव या 'वन नेशन वन इलेक्शन' गांव-देहात से लेकर दिल्ली तक चर्चा के केंद्र में है। भारत में चुनाव सुधार की दिशा में इसे एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्ण के लिए एक कमेटी गठित की है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इसके अध्यक्ष हैं। यह हाई पावर कमेटी देश में एक साथ चुनाव की संभावनाओं का पता लगाएगी। गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, एनके सिंह, संविधान विशेषज्ञ सुभाष चन्द्र कश्यप, कानूनविद् हरीश साल्वे, संजय कोठारी सदस्य हैं। हालांकि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर बनी समिति का सदस्य बनने से अधीर रंजन चौधरी ने मना कर दिया है।

खैर, यह भी दीगर है कि एक देश एक चुनाव कोई कोई नयी, अवधारणा नहीं है। पहले आम चुनाव से लेकर तीसरे आम चुनाव (1952-1967) तक देश में ऐसी ही व्यवस्था थी। लोक सभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही होते थे। पर, 1967 के बाद स्थिति बदली। देश में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव अलग-अलग होने लगे। हालांकि 1983 में फिर से इसकी कोशिश शुरू हुई थी। चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव दिया। पर, तब इंदिरा गांधी ने इसे अस्वीकार कर दिया था। 1990 के आसपास लालकृष्ण आडवाणी ने एक बार फिर राजनीतिक गलियारे में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को चर्चा के केंद्र में लाने की कोशिश की। 1999 के विधि आयोग की रिपोर्ट में भी एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया गया था। 2003 में एनडीए सरकार में फिर एक बार इस पर चर्चा शुरू हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सोनिया गांधी से राय-मशविरा किया। हालांकि तब सोनिया गांधी इस पर सहमत थीं।

बीजेपी के 2014 के घोषणा पत्र में भी यह मुद्दा शामिल रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मंचों से इस बाबत चर्चा की है। वहीं 2015 में विधि एवं न्याय मंत्रालय से जुड़ी पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी ने 79वीं रिपोर्ट में दो चरण में 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को धरातल पर उतारने की वकालत की थी। 2018 में लॉ कमीशन एक ड्राफ्ट भी जारी कर चुका है।

ऐसे में 'वन नेशन वन इलेक्शन' की बात अभी क्यों उठाई जा रही है? दरअसल, इसके पीछे सबसे बड़ी वजह चुनाव खर्चों में बेतहाशा बढ़ोतरी है। एक अनुमान के मुताबिक साल 2019 के आम चुनाव में करीब साठ हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इसमें राजनीतिक दलों द्वारा खर्च की गई राशि और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराने में खर्च की गई राशि शामिल है।

यहां यह भी याद रखना जरूरी है कि 1951-1952 में हुए लोकसभा चुनाव में 11 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। एक साथ चुनाव होने के दूसरा फायदा यह होगा कि लगातार होने वाले चुनावों पर लगाम लगेगी। इससे केंद्र और राज्य सरकारों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। बार-बार लागू होनेवाले आचार संहिता की भी बाधा नहीं रहेगी। बारहमासी चुनाव, लाखों-करोड़ का अतिरिक्त खर्च, प्रलोभनों का मायाजाल, सब ध्वस्त हो जाएगा। गठबंधनों और ह्यआयाराम-गयारामह्ण की राजनीति भी पर भी शिकंजा कसेगा। पर, जो इसके विरोध में हैं, उनका तर्क है कि इससे स्थानीय मुद्दों पर ध्यान कम हो सकता है। क्योंकि सभी पार्टियाँ केंद्रीय मुद्दों पर ही ध्यान देंगी।

बहरहाल, 'वन नेशन वन इलेक्शन' की राह इतनी भी आसान नहीं है। इसे लागू करने के लिए कई तरह के संवैधानिक संशोधन करने होंगे। मसलन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के साथ-साथ संसद के (अनु83) और विधानसभा के कार्यकाल (अनु172) से जुड़े प्रावधान व दल बदल कानून में बदलाव भी करने होंगे। ऐसे में सवाल है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' में बुराई क्या है? आज नहीं तो कल देश को इसके फायदे ही होने हैं। यदि ईमानदारी से प्रयास किया जाए, तो इसे लागू करना बिल्कुल संभव है।

## स्टेशन से सीधे ऑटो स्टैंड जा सकेंगे यात्री

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी वासी अब पटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से सीधे ऑटो स्टैंड तक जा सकते हैं। पटना नगर निगम द्वारा स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग ढाई एकड़ में स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। युद्ध स्तर पर इसका निर्माण कार्य चल रहा है। बता दें प्लेटफार्म नंबर एक से जीपीओ गोलंबर के पास बन रहे नए स्टैंड से ऑटो की सुविधा यात्रियों को जल्द मिलेगी। जीपीओ गोलंबर के दक्षिण मीठापुर रेलवे फुट ओवर ब्रिज से तरफ सब्जी मार्केट के पास से यह रास्ता स्टेशन की तरफ जाता है, उसी रास्ते को चयनित कर नया ऑटो स्टैंड को बनाया जा रहा है।

नए स्टैंड में 1000 से अधिक ऑटो की क्षमता होगी, जिसकी सुविधा आम जनों को मिलेगी। इस निर्माण के बाद आम जनों को स्टेशन से विभिन्न दिशाओं में जाने के लिए डायरेक्ट ऑटो की सुविधा मिलेगी। वहीं, फुट ओवर ब्रिज से दहिनी तरफ की जमीन भी चिन्हित हुई है, जहां अत्याधुनिक टॉयलेट का निर्माण करवाया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा निर्मित यह टॉयलेट सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग करने वाला होगा।

## हिम्मत है तो चुनाव की घोषणा करें सीएम: सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**

सीएम नीतीश कुमार के लोकसभा चुनाव पहले कराने वाले बयान पर बीजेपी ने हमला बोला है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को ट्वीट कर सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के पास जनता की ताकत है। नीतीश कुमार डरने वाले चुनाव की बात नहीं करते हैं। नीतीश कुमार हारने वाले चुनाव से भागते हैं। नीतीश कुमार डरपोक हैं। हिम्मत है तो बिहार में चुनाव की घोषणा करें। नीतीश कुमार डरे हुए हैं। सीएम का जनमत खत्म हो चुका है।



सम्राट चौधरी ने ट्वीट कर लिखा कि 'नीतीश कुमार डरपोक हैं, अगर उनमें हिम्मत हैं तो बिहार में चुनाव की घोषणा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश, एक चुनाव की बात इसलिए की है कि उनके पास जनता की ताकत है। जनमत का अपमान कर राजनीतिक तौर पर चोर दरवाजे से सरकार चलाने वाले नीतीश कुमार केवल सरकार बचाने की बात करते हैं, चुनाव में जाने की उनमें हिम्मत नहीं है'। इस ट्वीट में जारी वीडियो में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्र एक चुनाव की बात कर रहे है। जनता के बल पर बनी हुई सरकार की ये ताकत है। डरपोक नीतीश कुमार राजनीतिक तौर पर जो चोरी छिपे सरकार बनाने वाले व्यक्ति इस बात को नहीं समझ सकते हैं। नीतीश कुमार तो सिर्फ सरकार बचाने के लिए जीते हैं। नीतीश कुमार कहते हैं कि जनता डरी हुई है तो लोग नहीं डरे हुए हैं, जो ताकतवर होता है वही चुनाव की बात करता है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# डेंगू के लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं प्लेटलेट्स की जांच : डॉ. शैलेंद्र कुमार

**केटी न्यूज/बक्सर**

बारिश के मौसम में जलजामव के कारण मच्छर जनित रोगों का प्रकोप बढ़ने की संभावना को देखते हुए जिला स्वास्थ्य समिति अलर्ट मोड पर है। इसके लिए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग ने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सकों को मच्छर जनित रोगों के प्रबंधन को लेकर आवश्यक व्यवस्था पूरी करने का निर्देश जारी किया है। ताकि, मरीजों की पुष्टि होने पर तत्काल उनका इलाज शुरू किया जा सके। साथ ही, जलजमाव वाले इलाकों में लोगों को मच्छरों के प्रबंधन की जानकारी के साथ बचाव को लेकर भी जागरूक करने का निर्देश जारी किया है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने लोगों को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही, गर्भवती महिला तथा बच्चे को पूरे बांह वाले कपड़े पहनने की सलाह दी है। मच्छरों को दूर रखने वाले क्रीम का इस्तेमाल किया जा सकता है। डेंगू एडिज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर सूरज निकलने के



दो घंटा बाद और सूरज डूबने के दो घंटा पहले सक्रिय होते और इसी दौरान सबसे अधिक काटते हैं।

**प्लेटलेट 20 हजार से कम होने पर स्थिति चिंताजनक :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, डेंगू होने पर प्लेटलेट 20 हजार से कम हो तभी चिंतित होने की आवश्यकता है। डेंगू में दूसरे सप्ताह में लक्षण खतरनाक हो जाता है। पेट में दर्द, उल्टी और पेशाब कम होता है। वहीं, शरीर पर चकते होने लगते हैं। लक्षण दिखने पर लोगों को तत्काल अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। ताकि, समय से मरीज का इलाज शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों एवं जांच घरों में डेंगू की जांच रैपिड डायग्नोस्टिक किट से होती है। जांच में एनएस-1 पॉजिटिव आने पर मरीज में डेंगू की घोषणा की जाती है। हालांकि रैपिड डायग्नोस्टिक किट से जांच कर डेंगू के लक्षण वाले रोगी चिह्नित किए जा सकते हैं।

**साफ सफाई रखें और जलजमाव नहीं होने दें :** डॉ. कुमार ने बताया, डेंगू के लक्षण सात दिन के अंदर स्पष्ट होने लगते हैं। दर्द, उल्टी, बुखार, आंखों के पीछे दर्द होना इसके विशेष लक्षण हैं। मरीज के शरीर में बहुत अधिक दर्द रहता है। एक व्यक्ति के बुखार से संक्रमित होने पर इसका खतरा अन्य लोगों को भी होता है। बरसात के मौसम के खत्म होने और सर्दियों का मौसम शुरू होने के बीच लोगों को और भी सतर्क होने की जरूरत है। यह मौसम डेंगू के अनुकूल होता है। इसलिए घर के आसपास सफाई रखें और जलजमाव नहीं होने दें। उन्होंने बताया कि जमे हुए पानी में मच्छर का लार्वा पनपता है। इसलिए घर में कूलर, गमला आदि में पानी न जमा होने दें। मच्छर के पनपने का कोई का भी रास्ता नहीं छोड़ें। ऐसा करने से डेंगू के साथ मच्छरों से होने वाली अन्य बीमारियों से भी बचाव होगा।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव: डुमरांव में आयोजित हुआ भाजपा का वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला

**डुमरांव।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रविवार को डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं के बीच एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भाजपा नेता विंध्याचल राय के आवास पर आयोजित हुआ था। वोटर चेतना महाअभियान नाम संपन्न हुए इस कार्यशाला में डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना है तथा सभी शक्ति केंद्रों के साथ साथ शीघ्र ही पन्ना प्रमुख भी बनाना हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया और बताया कि कार्यकताओं के बदौलत एक बार फिर से बक्सर की सीट को भाजपा के खातें में डालना है। उन्होंने कहा कि 2024 में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनेगी। इस कार्यशाला को प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामकुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, लोकसभा प्रभारी अर्जुन राम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता दीपक यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शक्ति राय ने किया। मौके पर शीला त्रिवेदी, अभिनंदन मिश्र, विमलेश सिंह, हरे राम गुप्ता, विजय कुमार, मंतोष सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, राजीव रंजन चौहान, हरेराम गुप्ता, राजऋषि कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, राज किशोर सिंह, विनोद पासवान सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### बंद घर का ताला तोड़ स्कूटी समेत लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**सिमरी।** जिले के सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा पड़री गांव में एक बंद पड़े घर में चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में रखे नगदी, आभूषणों के अलावे एक स्कूटी पर भी हाथ साफ कर लिया है। घटना बीती रात की है। रविवार को ग्रामीण जब उधर घुमने निकले तथा घर का ताला टूटा देखा तो चोरी की बात समझ में आई। चोरी की यह वारदात आशा पड़री के राजकुमार तिवारी के घर में हुई है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस तथा राजकुमार तिवारी को फोन कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रथम द्दष्टया चोरों ने एक स्कूटी के अलावे घर में घुस आलमीरा व बक्शा का ताला तोड़ उसमें रखे सामानों को चुरा ले गए है। हालांकि गृह स्वामी के नहीं रहने से इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि चोरों ने कितने की संपति पर हाथ साफ किया है। चोरी की इस वारदात के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण चोर उचक्कों की सक्रियता से सहमें हुए है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई है। घर के सदस्य बाहर है। आने पर ही एफआईआर दर्ज होगा तथा इस बात की जानकारी मिल पाएगी कि चोरों ने क्या क्या चुराया है।



## खबरें फटाफट

### मिस फायर हो गई पूर्व पार्षद पर चलाई गई गोली

**बक्सर।** नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद तथा वर्तमान वार्ड 14 के पार्षद पुत्र शशि गुप्ता उर्फ डबलू ने बताया है कि शनिवार की देररात अज्ञात अपराधियों ने उन पर जानलेवा हमला किया है। हालांकि मिस फायर होने के चलते उनकी जान बच गई। इस दौरान उन्होंने एक अपराधी को पकड़ भी लिया था, लेकिन वह झटका देकर हाथ छुड़ा भाग निकला। पूर्व पार्षद ने इसकी सूचना नगर थाने की पुलिस को भी दी। जबकि पुलिस ने फायरिंग की बात से अभिज्ञता जताते हुए कहा कि रात में वह अपने दरवाजे के बाहर एक लावारिस बाइक के बारे में जानकारी दिए थे। बताया जाता है कि वह मध्य रात्रि किला की तरफ से अपने घर मुसाफिर गंज पहुंचे। तब उनके दरवाजे के पास एक लावारिस बाइक खड़ी थी। उन्होंने तत्काल इसके सूचना नगर थाने की पुलिस को दी। इस दौरान तीन की संख्या में युवक उनकी तरफ लपके। एक युवक ने उन्हें लक्ष्य कर फायर भी किया लेकिन गोली मिस कर गई। जिससे उनकी जान बच गई।

### लोस चुनाव की बनी रणनीति

**बक्सर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी की एक बैठक जासो रोड स्थित पार्टी के जिला कर्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी मनोज कुमार व संचालन अजमेर खान ने किया। इस कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। जिसमें जिला प्रभारी ने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता काफी आशान्वित है। आप कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कल्याण कारी योजना के बारे में जानकारी देते हुए संगठन का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर बूथ दस यूथ तैयार कर देश व राज्य में होने वाले किसी भी समय चुनाव के लिए तैयार रहना है। मौके पर मुख्य रूप से रमेश वर्मा, एसके सिंह, ललन शर्मा, कैप्टन धर्मराज, राहुल सिंह, सन्तोष राम, बबलू ठाकुर, शुभम उपाध्याय, अशोक राम व अन्य थे।

## जल जमाव के साथ कई अन्य समस्याओं का सामना करते हैं मोहल्लेवासी

# बुनियादी सुविधाओं से आज भी महरूम हैं वार्ड नं. 23 के लोग, नप प्रशासन मौन

**केटी न्यूज/ बक्सर**

बक्सर शहर का वार्ड 23 मूल बहुत जरूरी सुविधाओं से भी वंचित है। इस वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की बहाली के प्रति नगर परिषद प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है। आलम यह है कि बोर्ड की बैठक में नगर परिषद द्वारा इस वार्ड के विकास के लिए एक भी योजनाएं स्वीकृत नहीं की गई तो दूसरी तरफ बिजली कंपनी की लापरवाही से आज भी इस वार्ड में बास बल्ले के सहारे विद्युत आपूर्ति हो रही है। इस वार्ड में जल जमाव के साथ ही कई मूलभूत सुविधाओं से वार्ड के लोग परेशान है। योजनाओं के नहीं मिलने से वार्ड को विकास की योजनाओं से महरूम होना पडा है। सूत्रों की मानें तो वार्ड राजनीति का शिकार हो गया है। सूत्रों के अनुसार वार्ड 23 के साथ ही वार्ड 22 को भी एक भी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

वहीं वार्ड के लोगों की मूल समस्याओं में जल जमाव के साथ ही साफ-सफाई तथा विद्युत की कुव्यवस्था शामिल है। जिसके कारण लोगों के घरों में जल जमाव हो गया है। इस कारण लोग जलालत की जींदगी जीने को मजबूर हो गये है। वहीं शहर के बीचों बीच स्थित वार्ड में थोडे बारिश होने पर लोगों को जलजमाव पार कर आवाजाही करनी पड़ती है। वहीं महिलाओं तथा छोटे बच्चो को घर से निकलने में परेशानी होने लगती है। लोगों को सडक तक नहीं मिल पाई है। वार्ड में विकास की जरूरतों के बीच नगर परिषद ने वार्ड को एक भी योजना नहीं दी है।



**बांस के सहारे विद्युत व्यवस्था:** नगर के वार्ड 23 के लोग समय से विद्युत बिल का भुगतान करते है। उनके घरों में मीटर भी लगा हुआ है। लेकिन बिजली कंपनी ने पोल तक की व्यवस्था नहीं दी है। जिस कारण लोगों ने बांस बल्ले के सहारे अपने घरों तक बिजली की व्यवस्था किया है। इससे बांस बल्लों पर तारों के मकडजाल में अपना तार पहचान करना भी मुश्किल होता है। वहीं हर समय गलियों में झूलते तारों से कभी भी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। जिससे वार्ड में कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है।

**पानी निकास की भी नहीं है व्यवस्था :** वार्ड में पानी के निकास की भी व्यवस्था नहीं है। वहीं नालियों की पानी भी आस पास में खाली जमीन में ही गिरता है। थोडी बारिश होने के साथ ही वार्ड में कुछ निर्मित गलियों में भी दो-दो फीट तक पानी जमा हो जाता है। बारिश के खत्म होने के इतने दिनों बाद भी घरों में घूसा पानी अबतक नहीं निकला है। जिससे वार्ड के लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूरे सोहनीपट्टी का पानी इसी वार्ड में गिरता है। जहां से निकास नहीं होने के कारण वार्ड के घरों में पानी भर जाता है।

### बोले वार्ड पार्षद...

"सत्र 2023-24 की योजनाओं में नप ने काफी भेदभाव किया है। उनके वार्ड को कोई योजना नहीं दी गई है। उनका वार्ड विकास कार्यों के मामले में काफी पिछडा हुआ है। जल निकासी की समस्या गंभीर है। जिसको लेकर पहला योजना दिया गया था। लेकिन बोर्ड द्वारा उसे पास नहीं किया गया है। वार्ड को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया है। जरूरत के मुताबिक सफाई कर्मी तक नहीं दिया जाता है।

*- गुड्डू कुमार, वार्ड पार्षद वार्ड नं 23*

### आरोप बेबुनियाद व निराधार

"नगर परिषद पर लगाया गया आरोप बेबुनियाद व निराधार है। बोर्ड की बैठक में एक माह पूर्व निर्णय लिया गया है। जिसका प्रकाशन भी किया गया है। सभी योजनाओं का बोर्ड के निर्णय के आधार पर टेंडर भी हो चुका है। सफाई की आवश्यकतानुसार मजदूरों को लगाया जाता है। वार्ड वार उनकी संख्या निर्धारित नहीं है।

*- प्रेम स्वरूपम, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बक्सर*

# बेटे को सीएम बनाने के लिए नीतीश कुमार को पीएम बनने का ख्वाब दिखा रहे लालू यादवः उपेंद्र कुशवाहा

**केटी न्यूज/ बक्सर**

बिहार में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए ही लालू यादव ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब दिखाया है। लेकिन वे कभी उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने देंगे। उक्त बातें रालोसपा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बक्सर में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव जब प्रधानमंत्री बन रहे थे तब लालू यादव ने ही उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जब से प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखे हैं तब से विधि व्यवस्था पर से उनकी नजर है गई है।

रालोसपा प्रमुख ने कहा कि पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई है। हत्या लूट बलात्कार डकैती जैसी घटनाएं अब आम बात हो गई है। प्रधानमंत्री बनने के चक्कर में नीतीश कुमार ने राज्य की जनता को धोखा दिया है। जबकि लालू यादव उन्हें कभी प्रधानमंत्री बने ही नहीं देंगे। उनका असल प्रयास अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनना है।




◆ **बोले रालोसपा प्रमुख... लालू के कारण ही मुलायम सिंह यादव नहीं बन पाए थे प्रधानमंत्री**

**चौपट हो गई है बिहार की शिक्षा व्यवस्था :** उन्होंने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। शिक्षा में सुधार के लिए केके पाठक को अपर सचिव बनाया गया है। लेकिन वे इस व्यवस्था को और चौपट कर रहे हैं। त्योहारों की छुट्टियां रद्द करने से शिक्षा में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भय मुक्त माहौल में पढ़ाने की छूट देने के बदले राज्य सरकार शिक्षकों का भया दोहन कर रही है। इससे शिक्षा व्यवस्था सुधारने वाला नहीं है।

# बाबा जंगलीनाथ का वार्षिकोत्सव आज, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के पूर्वी छोर पर स्थित बाबा जंगलीनाथ मंदिर हजारों शहरवासियों के आस्था का केन्द्र है। शहर से दूर शांत व एकांत वातावरण में स्थापित इस मंदिर की कीर्ति दूर दूर तक फैली है। ऐसी मान्यता है कि सच्चें मन से यहां आ मत्था टेकने व बाबा का जलाभिषेक करने वालों की हर मन्नतें बाबा जंगलीनाथ पूरी करते है। इस मंदिर के साथ कई किंवदंतियां भी जुड़ी हैं। जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। वहीं कुछ अनोखी मान्यताएं भी है। जो इस मंदिर को अन्य शिवालयों से अलग पहचान देती है। बता दें कि भगवान शिव का प्रिय मास सावन होता है। इसी महीने में देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन अनोखी मान्यताओं वाले बाबा जंगलीनाथ की विशेष पूजा सावन में नहीं बल्कि भाद्रपद मास के पहले सोमवारी को मनाया जाता है। सोमवार को बाबा जंगलीनाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी पूरी हो गई है। मंदिर पूजा समिति के संयोजक प्रो सुभाष चंद्रशेखर उर्फ मनोज सिंह ने पूर्व संध्या पर वार्षिक पूजा की तैयारी पूरी होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह में वैदिक विधान से बाबा जंगलीनाथ की विशेष पूजा व रूद्राभिषेक किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन भी किया जाएगा। वार्षिकोत्सव व मेले में दूर दराज से लोग शामिल होने आते है।



**सदियों पुराना है मंदिर का इतिहास :** इस मंदिर का इतिहास करीब 400 साल पुराना है। कहा जाता है कि तब डुमरांव का इलाका घने जंगलों से घिरा था। जिस जगह पर आज मंदिर है वह इलाका और घना जंगल था तथा हिंसक पशुओं से भरा रहता है। उस समय दानी बाबा नामक एक तपस्वी इस घने जंगल में तपस्या करने आए थे। उन्होंने ही इस जगह पर पूजा पाठ के लिए शिवलिंग की स्थापना की थी। मंदिर के बगल में ही नागा साधुओं की एक टोली भी रहती थी। यह जगह आज भी नगवा के नाम से जाना जाता है। दानी बाबा की तपस्या व उनके द्वारा स्थापित शिवलिंग की कीर्ति धीरे धीरे पूरे शहर में फैल गई।

**राज्य सभा के पूर्व सांसद ने कराया है जीर्णोद्धार :** कुछ साल पहले राज्य सभा के पूर्व सांसद तथा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष रहे वशिष्ठ नारायण सिंह ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। आज यह मंदिर डुमरांव के सबसे अच्छे मंदिरों में गिना जाता है। मंदिर के भवन व गुंबद की विशालता तथा उसके सामने बड़े तालाब आने वालों का मन मोह लेता है। राज्य सभा सांसद के निधि से ही यहां एक सामूदायिक भवन भी बनाया गया है।



# पोषण के प्रति जिले के लोगों को जागरूक करेगा पोषण जागरूकता रथ

- प्रत्येक परियोजना में दो-दो दिनों तक एलईडी वैन के माध्यम से दिया जाएगा संदेश
- जिला मुख्यालय से एलईडी वैन किया गया रवाना, रूट चार्ट निर्धारित



केटी न्यूज/आरा

जिले में एक से लेकर 31 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी परियोजना अंतर्गत पूरे माह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों, लाभुक महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया और कुपोषण को दूर करने के साथ पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस क्रम में पोषण माह की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को जिला मुख्यालय से पोषण जागरूकता रथ (एलईडी वैन) रवाना किया गया। जिसमें ऑडियो, वीडियो और बैनर पोस्टर के माध्यम से शहरी और ग्रामीण इलाके के लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय ने जिलाधिकारी और डीपीओ को भी पत्र निर्गत किया है। जिसमें गतिविधियों के संबंध में बताया गया है।

**पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने के लिए होगा प्रयास :** डीपीओ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाना है। इस वर्ष 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' पोषण माह की थीम

## लोगों तक पोषण संबंधित जानकारी पहुंचाई जाएगी

डीपीओ माला कुमारी ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के लिए एलईडी वैन का रूट निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रखंड में दो-दो दिनों तक एलईडी वैन के माध्यम से लोगों तक पोषण संबंधित जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस रथ का परिचालन ऐसे स्थानों पर किया जाएगा, जहां आम लोगों की आवाजाही अधिक होती है। जैसे बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, बस स्टैंड आदि। एलईडी वैन में स्कूल पूर्व शिक्षा सेवा, वृद्धि निगरानी, संदर्भ सेवाएं, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा आदि सेवाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण अभियान एवं किशोरी बालिका के लिए योजना आदि से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री भी प्रदर्शित होंगे।

निर्धारित की गई है। जिसके तहत स्तनपान एवं ऊपरी आहार के लिए परामर्श व जागरूकता गतिविधि, स्वस्थ्य बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मेरी माटी मेरा देश अभियान, जनजातीय केंद्रीत क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण के लिए उन्मुखीकरण तथा एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार एवं चर्चा को लेकर गतिविधियां आयोजित की जानी है। इस दौरान सहार सीडीपीओ रेणु कुमारी, आरा ग्रामीण सीडीपीओ सुनीता तिवारी, बिहिया सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी, उदवंतनगर सीडीपीओ ममता रानी, राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक पीयूष पराग यादव, परियोजना सहायक नेकी आलम व अन्य लोग मौजूद रहे।

# केस को उठाने के लिए वादी को अपराधी दे रहे धमकी

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिले में अपराधी द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद, अब एक नया फरमान जारी किया गया है कि केस को उठा लो, वरना अजाम भुगतने को तैयार रहो। जी हां चौंकिए नहीं यह वाक्या परसबिगहा थाना से जूड़ा मामला है, जहां ग्राम करौता निवासी सौरभ सरदार पूर्व में गोनमा पंचायत से मुखिया प्रत्याशी रह चुके थे।

जिन्हें बीते साल दिनांक 13/4/22 को अपराधियों द्वारा सरदार के गांव में ही गोली मार दिया था, घायलावस्था में तत्काल उपचार हेतु पटना निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। परतु सरदार को बचाया नहीं गया,वही सरदार ने मौत के पूर्व ही अपराधी का नाम पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज करा चुके थे।

यहां यह बता दें कि चूंकि मामला न्यायालय में चल रहा है,परतु अपराधियों द्वारा मृतक सरदार के पिता जी को केस को उठा लेने की दबाव बनाने की बात सामने आई है। वही स्व सरदार के पिता अखिलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदार के हत्या में शामिल आरोपी डिपल कुमार द्वारा बार बार धमकी दिया जा रहा है कि केस उठा लो अन्यथा बुरा परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि मुझे डर है कि पुनः अपराधी द्वारा मेरे साथ भी कोई अप्रिय घटना का अजाम देने में सफल हो सकते हैं।

### सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चंदा पेट्रोल पंप के पास पकड़ा गया बदमाश

# हथियार खरीद आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहा बदमाश गिरफ्तार

- गिरफ्तार अपराधी के पास से दो देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद
- नाइट पेट्रोलिंग और वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अपराधी को दबोचा



केटी न्यूज/आरा

भोजपुर की सिकरहट्टा थाने की पुलिस की सतर्कता से एक बड़ी घटना विफल हो गयी। पुलिस द्वारा हथियार खरीद किसी वारदात को अंजाम देने निकले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया।उसे रविवार की अहले सुबह वाहन चेकिंग के दौरान चंदा स्थित पेट्रोल पंप के समीप तरारी जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद की गयी है।

गिरफ्तार अपराधी चौरी थाना क्षेत्र के जोगा खरैंचा गांव निवासी बाबू राम सिंह का पुत्र संटू कुमार उर्फ मनोज कुमार है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर सतर्क पुलिसिंग के तहत नियमित नाइट पेट्रोलिंग और वाहन चेकिंग की जा रही है। उसी क्रम में शनिवार की रात थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में सिकरहट्टा थाने की पुलिस नाइट पेट्रोलिंग कर रही थी। अहले सुबह करीब तीन बजे पुलिस टीम द्वारा चंदा पेट्रोल पंप के समीप तरारी जाने वाले सड़क पर वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब एक युवक को हाथ में झोले लेकर संदिग्ध स्थिति में आते देखा गया। हालांकि पुलिस को देख वह भागने लगा, जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके झोले से दो देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद की गयी।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में उसने किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार खरीद पर लाने की स्वीकार की गयी है। उससे पूछताछ कर हथियार बेचने वाले की पहचान की जा रही है।

यह भी पता किया जा रहा है कि आखिर उसका मुख्य मकसद क्या था? उसके हथियार तस्करों से कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। इधर, दो देसी कट्टा और गोलियों की बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## गोनवां में कांग्रेसी स्व भोला शर्मा की मनाई गई सातवीं पुण्यतिथि

**जहानाबाद**। जिले के जाने-माने आजीवन कांग्रेसी स्व० भोला शर्मा जी की सातवीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव गोनवां में सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी, जहानाबाद के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा अपने पूज्य पिता के प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया और उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि आज हमें जो कुछ भी मिला है वो सब उन्हीं का पुण्य प्रताप और संस्कार से मिला है। वो ताउम्र सादगी भरा जीवनी यापन करते रहे , वो सदैव गरीब गुरबों के सेवा सहयोग में सबसे आगे आकर काम करते थे वहीं किसानों के समस्याओं को लेकर हमेशा प्रशासन और सरकार को निशाने पर रखते थे। वे बजार समिति जहानाबाद के उपाध्यक्ष भी रहें। उनके सादगी की चर्चा सभी मोड़ चौराहे पर बनी रहती थी। वे सदैव कांग्रेस की मजबूती के लिए तत्पर रहा करते थे। मौके पर उनके जीवन पर परिचर्चा की गई वहीं माल्यार्पण करने वालों में मुख्यतः शिवकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, सुभाष शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, रवि रंजन कुमार, रामानुज शर्मा, संतोष कुमार, बिट्टू कुमार, अजय राय, राजदेव यादव एवं लालू साव सहित घर परिवार और स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# विज्ञान और इंजीनियरिंग ही है जिसने दुनिया को तेज विकास दिया : अभिषेक



केटी न्यूज/जहानाबाद

विश्व स्तर पर हर साल 40 लाख बच्चो सहित 52 लाख से अधिक लोग चिकित्सा अपशिष्ट से बीमारियों के कारण मर जाते हैं। इसमें मानव शारीरिक अपशिष्ट, उपचार या टीका के दौरान, बेकार दवाएं, तरल अपशिष्ट, पशु अपशिष्ट, राख इत्यादि शामिल है और मानव स्वास्थ के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। उक्त बातें मानस विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल किशोर वैज्ञानिक, जैव चिकित्सा अपशिष्ट चुनौतिया, कोविड से सबक, विषय पर परिचर्चा, मानस विद्यालय, बभना के सभागार में शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

मानस ग्रुप के निदेशक अभिषेक आनंद ने छात्रों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आने वाला समय में आप साइंस कांग्रेस के लिए मॉडल को समसामयिक विषयों पर केंद्रित करें। इसके लिए शिक्षकों को तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान को अक्सर देश दुनिया के विकास से जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि यह विज्ञान और इंजीनियरिंग ही है जिसने दुनिया को तेज विकास दिया है और विश्व की कई समस्याओं का आकलन किया, समाधान क्या हो सकता है, उस पर शोध अनुसंधान किया।

## युवा महोत्सव 2023 का आयोजन 12 एवं 13 सितंबर को

**जहानाबाद**। जिले में जिला युवा महोत्सव, 2023 का आयोजन 12 एवं 13 सितंबर को अब्दुलबारी नगर भवन, जहानाबाद में किया जाएगा। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु 15 से 35 वर्ष के युवाओं द्वारा 11 सितंबर, तक आवेदन पत्र जिला जन सम्पर्क कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस को दिया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 सितंबर को संध्या 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

जिला युवा महोत्सव के प्रथम दिन दिनांक 12 सितंबर, 2023 को शास्त्रीय गायन (एकल) हिन्दुस्तानी एवं कर्नाटकी, शास्त्रीय वाद्य-वादन (एकल) (सितार, गिटार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंग, हारमोनियम, वायलिन, सारंगी, सरोद, शहनाई और पखावज), सुगम संगीत, शास्त्रीय नृत्य (कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी) की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिले के योग्य युवा जिनकी उम्र 15 से 35 वर्ष है।




# घर में खेल रहे बच्चे की विषैले जंतु के काटने से मौत



केटी न्यूज/आरा

आरा। भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव में रविवार की सुबह घर में खेल रहे बच्चे की विषैले जंतु के काटने से मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत बच्चा पवार गांव निवासी जोखन राम का सात वर्षीय पुत्र रोहित कुमार था।

जोखन राम ने बताया कि रविवार की सुबह उसका पुत्र घर में चौकी पर बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी उसे किसी विषैले में जंतु ने काट लिया।

उसके बाद उसने कहा कि उसे चूहे ने काट लिया। तब उन्होंने कहा कि ठीक है। कुछ देर में ठीक हो जाएगा, लेकिन उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई और वह उल्टी करने लगा। उसके बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।? वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया। इधर, मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर चले गए।

## प्रवेशी छात्र छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन का आयोजन

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के बीएससी व बी काम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशी छात्र छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. उदयन मिश्र ने कहा कि शैक्षिक उत्कृष्टता पर प्रबंधन व हमारा विशेष ध्यान है और हम सब मिलकर छात्र छात्राओं के लिए एक सुरक्षित और प्रेरणादायक सीखने का माहौल बनाने का प्रयास करेंगे। महाविद्यालय आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करेगा जिससे कि छात्र छात्राओं का चतुर्दिक विकास हो। डा ब्रजेश ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार हम पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व को समझते हैं एवं उसी के अनुरूप हम छात्र छात्राओं को इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करेंगे।

# जामुक पंचायत में आयोजित किया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम



केटी न्यूज/जहानाबाद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना एवं डॉ राकेश कुमार सिंह जिला एवं सत्र सह न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद के निदेशानुसार जहानाबाद जिले के जामुक पंचायत में बिहार पीड़ित प्रतिकर अधिनियम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय मुखिया फुलेश्वर रजक के अध्यक्षता में आयोजित हुई।

विधि विशेषज्ञ पैनल अधिवक्ता रमेश प्रसाद ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की बिहार राज्य में पीड़ितों के लिए भी प्रतिकार राशि देने का प्रावधान राज्य सरकार के द्वारा किया गया है विभिन्न प्रकार के मुकदमों के पीड़ित पक्ष इसके लाभ लेने से जानकारी के अभाव में वंचित रह जाते हैं।

यह सभी को जानना आवश्यक है कि यह प्रतिकार राशि किन्हे और कब और कितनी राशि मिलेगी इसके लिए क्या-क्या विधिक प्रक्रिया का पालन करना होगा और कहां से यह प्रतिकार राशि प्राप्त की जा सकेगी इस विषय पर विस्तार पूर्वक इनके द्वारा जानकारी दी गई।

# यादव सेवा समिति द्वारा प्रियंका को किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/जहानाबाद



जिससे परिवार में एवं आसपास के इलाके में खुशी का माहौल हो गया प्रियंका कुमारी के लिए यादव सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जहानाबाद के विधायक सुदय यादव सहित आए तमाम लोगों ने प्रियंका कुमारी को अंग वस्त्र फूलों का माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर विधायक सुदय यादव ने प्रियंका कुमारी को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा की जरूरत है अन्य महिलाओं को बहनों को भी सीख लेने की कि जैसे शुरू से संघर्ष कर शादी होने के बाद भी प्रियंका ने अपना हौसला बनाए रखा और सफलता के लिए संकल्पित होकर सफलता हासिल की और असिस्टेंट प्रोफेसर बनी ।

वहीं इस मौके पर प्रियंका कुमारी ने भी खुशी जाहिर की और कहा कि सम्मानित होकर निश्चित तौर पर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं आज ऐसा लग रहा है कि जो मैंने मेहनत किया संघर्ष किया उसका फल मुझे मिला वहीं प्रियंका के पिता श्री चंद यादव ने अपनी बेटी की सफलता पर गर्व महसूस करते हुए कहा निश्चित ही हमें अपनी बेटी पर गर्व है जिस तरह से हमारी बेटी प्रियंका कुमारी ने मेहनत कर संघर्ष कर यहां तक पहुंच कर अपने माता-पिता का सर ऊंचा किया माहौल काफी खुशनुमा था सभी प्रियंका कुमारी उनके पिता श्री चंद यादव उनकी मां एवं अन्य परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे थे ।

इस मौके पर अध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद सुधाकर सचिव गनौरी यादव कोषाध्यक्ष श्रीचंद यादव राजेश कुमार राकेश कुमार रामाश्रय प्रसाद यादव बृजनंदन कुमार बृजेश कुमार सुरेश यादव नागेंद्र कुमार शिवलाल प्रसाद डॉ उपेंद्र कुमार तो को राजेंद्र कुमार युगल किशोर सिंह यादव सुबोध कुमार सहित अन्य बुद्धिजीवी एवं गण्यमान्य उपस्थित थे।

## ट्रेन से कटकर महिला की हुई मौत

**जहानाबाद**। टेहटा ओपी के समीप ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई, जानकारी के अनुसार मिर्तक ममता देवी पति संजय यादव ग्राम काजिचक की निवासी थी जिसकी मौत टेहटा स्टेशन के समीप गया से पटना जा रही ट्रेन से कट कर हो गई, घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया की महिला परिवारिक कलह के कारण ट्रेन से कट गई है। घटना की सूचना लोगो ने टेहटा ओपी की पुलिस को दिया, जिसके बाद घटना स्थल पर टेहटा ओपी की पुलिस पहुंची और रेल थाने की पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद रेल थाना जहानाबाद की पुलिस घटना स्थल पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमर्म के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। लोगो ने बताया के मिर्तक महिला के दो बच्चे भी हैं। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



## छत के सहारे घर में घुस लाखों के आभूषण एवं नगदी की चोरी

**चितबड़ागांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरेंव अंतर्गत दयाशंकर राजभर पुत्र स्व दुखहरन राजभर के घर में 2 सितंबर की रात में चोरों ने घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़कर लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच में जुट गई।

ग्राम पंचायत महरेंव निवासी दयाशंकर राजभर उर्फ पप्पू अपने बड़े पुत्र अश्वनी कुमार जिसकी हालत गंभीर है, गत 29 अगस्त को उसे लेकर बलिया अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं। उनकी पत्नी सोनिया देवी अपने दो पुत्रियों एवं एक पुत्र को लेकर 2 सितंबर की रात को भोजन के उपरांत सो गयी। पंखा चलने के वजह से किसी तरह की आहट उन्हें सुनाई न दी और घर के पीछे से छत पर चढ़कर चोर तीन कमरों से एक बक्सा, एक सूटकेस एवं एक टाली बैग उठा ले गए एवं पास के गन्ने के खेत में खोलकर सोने -चांदी के आभूषण एवं नगदी 30000 रुपया निकल लिए। पप्पू की पत्नी सोनिया देवी एवं दो पुत्रियों के सोने चांदी के कुल आभूषणों की कीमत?200000 से अधिक बताई गई है। पत्नी सोनिया देवी द्वारा सूचना पाकर दयाशंकर उर्फ पप्पू 3 सितंबर की सुबह 8:00 बजे घर आकर थाने में लिखित तहरीर दिया है।

### शिक्षा मित्रों ने सांसद को समस्याओं से कराया अवगत, कहा-

# सालों से कार्य करने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई के लिए हैं चिंतित

**केटी न्यूज/बलिया**

अपनी विभिन्न समस्याओं पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिले के शिक्षामित्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली और पीडब्ल्यूडी डाक बंगला पहुंचकर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को ज्ञापन दिया। संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत रामलीला मैदान (बीएसए कार्यालय) से शुरू हुई तिरंगा यात्रा एलआईसी रोड, माल गोदाम, स्टेशन रोड, चिंतू पांडे चौराहा, रोडवेज, टीडी कॉलेज चौराहा होते हुए कुंवर चौराहे के पास स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला पहुंचा।



शिक्षामित्र वहां धरना प्रदर्शन करने लगे इसकी सूचना मिलने पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। शिक्षामित्रों ने कहा कि वे पिछले 22 सालों से गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के लगभग 1.5 लाख शिक्षामित्र अपने बच्चों की पढ़ाई, परिवार की परवरिश, दवा, बच्चों की शादी आदि को लेकर चिन्तित हैं। शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी हैं। इस कारण प्रतिदिन औसतन 4-5 शिक्षामित्र की मृत्यु हो रही है। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व प्रदर्शन कर रहे शिक्षामित्रों ने मांग की कि नियमावली में संशोधन कर योग्यता पूर्ण कराते हुए उन्हें पुनः समायोजित/नियमित किया जाय। समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक 12 माह, 62 वर्ष की सेवा सुरक्षित करते हुए सम्मानजनक वेतनमान दिया जाय। नई शिक्षा नीति में शिक्षा मित्रों को सम्मिलित कर इनका भविष्य सुरक्षित किया जाय। दिवंगत शिक्षा मित्रों के परिवार को अहेतुक सहायता प्रदान करते हुए आश्रित को जीविकोपार्जन हेतु नियुक्ति दी जाय। टीईटी पास शिक्षा मित्रों को नियमों में शिथिलता देते हुए सहायक अध्यापक पद पर नियमित किया जाय। मूल विद्यालय में वापसी से वंचित शिक्षा मित्रों को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए मूल विद्यालय में वापस किया जाय एवं महिला शिक्षा मित्रों का विवाहोपरान्त उनके ससुराल के जनपद के विद्यालय में स्थानान्तरित किया जाय। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर हमेशा उनके साथ खड़े। वह इस बात के लिए प्रयासरत हैं कि शिक्षामित्रों को समान कार्य के लिए समान वेतन मिले।

इस दौरान राजेश साहनी, सूर्यनाथ राम, निर्भय नारायण राय, राकेश पाण्डेय, परवेज अहमद, अजय श्रीवास्तव, हरेराम यादव, राजीव मिश्र, सत्येंद्र मौर्य, रमेश पाण्डेय, भरत यादव, सरल यादव, रणवीर सिंह, अरविंद कुमार, जयप्रकाश तिवारी, मनोज शर्मा, आनंद पाण्डेय, फैसल अजीज, मुकेश राय, मंजूर हुसैन, तेजनारायण सिंह, विनय कुमार, लालजी वर्मा, वसीम अहमद, धर्मनाथ सिंह, इंद्रकेश चौहान, संजय प्रसाद, मनीष सिंह, मनीष कुमार, विनोद चौबे, अजय सिंह, नरेन्द्र बहादुर वर्मा, अवधेश भारती, विनोद शुक्ला, डिम्पल सिंह, प्रवीणा सिंह, रीमा चौधरी, कंचन यादव, रिंकू सिंह आदि थे।

## बाबा कीनाराम की जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्यवाही शुरू

**चंदौली।** चहनियां क्षेत्र के मारूफपुर स्थित बाबा कीनाराम वैष्णो मठ रामशाला मारूफपुर के भूमिधरी में अवैद्य कब्जा जमाये दर्जनों अतिक्रमण कारियों को बेदखल कराने को लेकर मठ ट्रस्ट प्रबंधन ने कार्यवाही शुरू कर दिया है। जिससे अवैद्य कब्जा धारियों में खलबली मच गया है। बाबा कीनाराम वैष्णो मठ रामशाला मारूफपुर की भूमिधरी नदेसर आराजी नंबर 189 व मझीलेपुर आराजी नंबर 4 सहित हसनपुर, भूसौला व अन्य राजस्व गाँवो में है। जिसमें मझिलेपुर व नदेसर की भूमिधरी पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग अवैध रुप से कब्जा जमाकर पक्के कमरों का निर्माण तक करा लिए हैं। मठ संरक्षण के लिए बने ट्रस्ट द्वारा बाबा कीनाराम की जमीन को खाली किये जाने के अनुरोध का कोई प्रभाव इन अवैध कब्जा धारियों पर न पड़ता देख ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा न्यायालय में बेदखली का वाद दाखिल किया गया।

वहीं जिलाधिकारी सहित जनपद व तहसील के सभी सक्षम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गयी। जिसपर लेखपाल वैभव सिंह अपनी टीम के साथ मठ में पहुंचकर स्थलीय भौतिक सत्यापन किया। जिससे अवैध कब्जाधारियों में खलबली मच गई है।

## गाजीपुर में ईंट से कूच कर युवक की हत्या, जांच शुरू



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर थाने के पकडी चट्टी के पास एक युवक की ईट से कूंचकर हत्या कर दी गई। इसके बाद साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को पुलिया के नीचे फेंक दिया। दूसरे दिन शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

बता दें कि रविवार की सुबह ताड़ीघाट- बारा नेशनल हाई-वे स्थित पकड़ी पुलिया के नीचे खाईं में युवक का क्षत-विक्षत शव देख लोगों ने इसकी खबर पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले युवक की पहचान में जुट गई। युवक कहां का है ? वह यहां कैसे पहुंचा ? उसकी हत्या किसने की ? वह किन परिस्थितियों में मौत के घाट उतारा गया, इस पूरे प्रकरण में पुलिस छानबीन कर रही है। इस दौरान पुलिस को घटना स्थल से एक मोबाइल, खून से सना ईंट आदि बरामद हुआ है।जिसे कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेंज दिया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक जहां पर पड़ा था। उसके चारों तरफ जगह- जगह खून बिखरे हुए थे। जिससे देखने से प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। मृतक के चेहरे को बुरी तरह से ईंट से कूंच दिया गया था। हांलाकि पुलिस अब भी इसे हत्या मानने से इंकार कर रही है। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सबकुछ साफ हो जाएगा।पुलिस ने शव से कुछ दूरी पर झाड़ी में मिले मोबाइल के जरिए उसकी पहचान व घटनाक्रम के खुलासे में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर छानबीन की जा रही है। शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है।

## गाजीपुर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और दवा वितरण का किया गया आयोजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला मुख्यालय अंतर्गत महुआबाग स्थित ऑप्टिक फ्यूजन केयर व प्रतिष्ठित दवा कम्पनी के संयुक्त तत्वावधान में निः शुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन ऑप्टिक फ्यूजन केयर महुआबाग पर किया गया। शिविर का उद्घाटन शहर के जॉइंट मेडिकल फोरम गाजीपुर के अध्यक्ष व वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ0 जेएस राय व मुख्य सलाहकार डॉ0 यूसी राय ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ0 जेएस राय ने कहा कि हमारे शरीर में आंखों का महत्वपूर्ण स्थान है। उनके स्वास्थ्य की देखभाल आवश्यक है। शिविर में डॉ0 यूसी राय ने कहा कि यदि आंखे



ठीक रहती हैं तो हम अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकते है। उन्होंने ऑप्टिक फ्यूजन सेंटर के डायरेक्टर डॉ0 फिरोज अहमद व कंपनी, उनके दवा प्रतिनिधि व प्रबंधकों का बहुत आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज के इस व्यावसायिक दौर में आम जनता के लिए नि:शुल्क जांच व दवा वितरण का कार्य काफी सराहनीय है। इसे आगे भी जारी रखने की अपील की। इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। नि:शुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर में ठक्टअ के डॉ0 एसी पांडेय, डॉ0 एसडी यादव, डॉ0 जेडयू अंसारी, आरएम राय, समीर शाह समेत कई लोग उपस्थित हुए।

## देयों के भुगतान में हीलाहवाली के विरोध में 11से आंदोलन

**चंदौली।** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को कैंप कार्यालय में हुई। इसमें विद्युत वितरण मण्डल जनपद के अन्तर्गत कार्यरत, सेवानिवृत्त एवं दिवंगत कर्मचारियों के देयों के निस्तारण एवं भुगतान में की जा रही हीला हवाली एवं द्विपक्षीय वार्ता द्वारा समस्याओं का समाधान न किए जाने के विरोध में अधीक्षण अभियन्ता को 11 सितम्बर से आन्दोलन किए जाने की कर्मचारियों ने पत्र सौंपा।

इस दौरान कार्यवाहक महामंत्री डा.आरबी सिंह ने कहा कि अभियन्ताओं की पदोन्नति निरन्तर जारी है। इनका पद एक दिन भी रिक्त नहीं रहता है, लेकिन यही अभियन्ता कर्मचारियों की पदोन्नति में हीला-हवाली कर रहे है। कई वर्षो तक पद रिक्त रहने के बाद भी पदोन्नति नहीं कर रहे है ।

## रेलवे फाटक का बूम टूटने से मची अफरा -तफरी



**गाजीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय -दानापुर रेलखंड अंतर्गत उसियां खास हाल्ट का समपार फाटक पर उस वक्त अफरा- तफरी मच गई, जब फाटक का बूम गेट बंद करते समय टूटकर अचानक गिर गया। यह संयोग रहा कि वहां मौजूद वाहन चालक खतरे को भांपते हुए दूर हट गए। अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सेवराई तहसील क्षेत्र के उसिया खास हाल्ट रेलवे फाटक का बूम रविवार की सुबह 10:35 पर ट्रेन आने की सूचना पर गेटमैन के द्वारा बन्द किया जा रहा था। तभी अप लाइन साइड का बूम तेज आवाज के साथ टूटकर नीचे गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। गेटमैन उमा राम ने बताया कि हमेशा अप साइड का ही बूम टूटकर गिरता है। गेटमैन ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर और रेलवे कंट्रोल को दी।

इस दौरान स्लाइडर बूम के जरिए ट्रेनों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। क्षेत्रीय लोगों एवं रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन से बूम को पूरी मजबूती से बनाने की मांग की। बताया कि इस तरह की लापरवाही में किसी की जान भी जा सकती है।




## पंजीकृत व्यापारियों को दी जाए दस लाख तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा



**केटी न्यूज/बलिया**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार की दोपहर एक बजे जापलिनगंज स्थित साहू भवन में हुई। इस दौरान बैठक में पहुंचे बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को केंद्र सरकार को संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मांग किया कि एक देश एक कर लागू किया जाए। व्यापारी सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए, आन लाइन मार्केटिंग कंपनियों पर परंपरागत व्यापारी उद्यमियों के बराबर कानून का नियंत्रण रखा जाए, जिससे कि परंपरागत व्यापार आन लाइन कंपनियों के सामने प्रतियोगिता कर सकें। विधान परिषद में पंजीकृत व्यापारी उद्यमियों के माध्यम से सदस्य चुने जाने का प्रावधान करना, वरिष्ठ व्यापारी पेंशन योजना लागू करना तथा पंजीकृत व्यापारियों को दस लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जाए।

## 2024 में भाजपा की स्थिति 1989 की जैसी हो जाएगी : अखलाक

**केटी न्यूज/बलिया**

नवनियुक्त शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष डॉ मजहर ए. आजमी का स्वागत समारोह जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान की अध्यक्षता में हुई। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय अन्य वर्गों के साथ मिलकर केंद्र में राहुल गांधी की सरकार बनवाने का संकल्प कर लिया है।



आजमगढ़ मंडल प्रभारी और अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष अखलाक अहमद ने कहा कि जब तक मुसलमान एक तरफा कांग्रेस को वोट करते थे तब तक 1989 तक पूरे देश में भाजपा के सिर्फ दो सांसद होते थे। 2024 में एक बार फिर भाजपा इस स्थिति में पहुंचने वाली है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि बलिया जनपद के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मजहर ए.आजमी के शहर अध्यक्ष बनने से कांग्रेस का जनाधार बढ़ेगा और मुसलमान भाइयों में पैठ बनेगी।

## चन्दौली के ब्रांड अम्बेसडर थे पंडितजी : ललितेश

**केटी न्यूज/ चन्दौली**

जिले में विकास पुरुष पंडित कमलापति त्रिपाठी की 118 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान जिले व देश प्रदेश के लिए दिए उनके योगदान को याद कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर श्रद्धा भाव से नमन किया गया। कमलापति त्रिपाठी स्मृति सेवा संस्थान की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी ने पंडित जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर लालितेश त्रिपाठी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि पूरे भारत में पंडित जी के जीवन काल में ही जन्मदिन मनाने की शुरूआत पंडित जी की कर्मभूमि चंदौली से शुरू हुआ था। वह आज भी तमाम राजनीतिक सामाजिक उतार-चढ़ाव के बाद भी चंदौली के भागीरथ, विकास पुरुष,अन्नदाता परम पूज्य पंडित कमलापति त्रिपाठी जी का जन्मदिन हम चन्दौली के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं और



पदचिन्हों पर चलने की कृतज्ञता व्यक्त करते है। कहा कि पंडित जी चन्दौली के ब्रांड एम्बेसडर थे। पंद्रह साल की उम्र में ही न केवल संघर्ष काल की राजनीतिक जीवन यात्रा शुरू की, बल्कि 15 साल की उस छोटी उम्र में ही आजादी की लड़ाई में जेल भी चले गये। त्रिपाठी जी का विराट व्यक्तित्व, परम्परा और आधुनिकता का एक आदर्श सेतु था।

## पंडित कमलापति त्रिपाठी को मनोज सिंह डब्लू ने दी श्रद्धांजलि



चंदौली। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने रविवार को चंदौली के विकास पुरूष पंडित कमलापित त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने कमलापति पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे श्रद्धाभाव से राजनीतिक प्रेरणास्त्रोत पंडित कमलापति त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और शीश नवाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही चंदौली के विकास में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि चंदौली के लोग पंडित कमलापति त्रिपाठी को सदैव अपनी स्मृतियों में जीवंत रखेंगे। क्योंकि चंदौली के लिए उन्होंने जो बहुआयामी व ऐतिहासिक काम किया है उससे चंदौली की तस्वीर बदल गयी। इस दौरान वर्तमान जनप्रतिनिधियों को पंडित कमलापति त्रिपाठी से सीख लेने की आवश्यकता जताई। कहा कि चुनावी सभा कार्यक्रम में चंदौली पॉलिटेक्निक कॉलेज की जो बाउंड्री वॉल तोड़ी गई आज 7 से 8 वर्षो तक उस बाउंड्री को भी नहीं जोड़ा गया।

## घोसी विधानसभा उपचुनावः मतदान 5 सितंबर को, प्रशासनिक तैयारी पूरी

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रवि किशन और मनोज तिवारी ने किया रोड शो

**केटी न्यूज/मऊ**

घोसी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर रविवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भोजपुरी फिल्मस्टार व भाजपा सांसद स्टार प्रचारक रवि किशन और मनोज तिवारी ने रोड शो किया। यह रोड शो बापू इंटर कालेज से निकल कर कोपागंज थाना, कसारा मोड़ ,भातकोल होते हुए धवरियासाथ ,कुथीजाफरपुर ,कोइरियापर ,नदवासराय होते हुए घोसी के लिए निकला गया । कोपागंज कसारा मोड़ पहुंचे ही समर्थक जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रवि किशन और मनोज तिवारी की एक झलक पाने के लिए बेताब थे। इस दौरान वाराणसी - गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन ठप होने से आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। भींड को सम्बोधित करते हुए दोनों भोजपुरी कलाकारों ने कहा की मोदी और योगी के विकास कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्यासी को वोट देकर जिताये। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ छतो पर महिलाये भी निरहुआ की एक झलक पाने के लिए बेताब थी।



## सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पुत्र पर सिपाही ने दर्ज कराया एफआईआर



**मऊ।** कोपागंज थाने के कुथीजाफरपुर पुलिस चौकी के एक आरक्षी ने सपा प्रत्याशी के पुत्र पर मोबाइल पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है दर्ज मुकदमे के अनुसार आरक्षी योगेश यादव ने बताया कि उसके मोबाइल पर सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सिंह का काल आया, जहां उसके साथ अभद्रता करने के साथ धमकी दी। साथ ही चौकी इंचार्ज स इस मामले में पीड़ित आरक्षी ने आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए इस संबंध में रविवार को कोपागंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने 186,189,332,504,153 ए और 171 सी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है, आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने किया जनसंपर्क, कहा

## भाजपा ने लोगों की उम्मीदों को तोड़ा



**मऊ।** घोसी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा घोसी विधानसभा के जगदेवरसुलपुर, कोइरियापार, डंगौली आदि स्वजातीय गांवो में जनसंपर्क करके समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मा०सुधाकर सिंह जी को भारी मतों से जीताने की अपील किया।डंगौली गांव में कुशवाहा समाज की बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीति और फैसलों से किसान, नौजवान, मजदूर ,गरीब नाराज है। भाजपा ने लोगों की उम्मीदों को तोड़ा है।बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी का सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। नौजवान के पास कोई काम नहीं है। हत्या,लूट, छेड़खानी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ रही है,कानून व्यवस्था ध्वस्त है।उनके फैसलों से सर्व समाज दुखी है।हमारा कुशवाहा समाज मुख्यतः खेती आदि का ही कार्य करता है।इस सरकार में खेती चौपट हुई है।

किसानों को खाद और बीज नहीं मिल रहा है तथा उपर से खाद का दाम बढ़ता जा रहे है और वजन घटता जा रहा है।लगातार बिजली की कटौती व और मौसम की मार दोनों से किसान परेशान है।एक तरफ उनकी फसलें सुख रही है तो दूसरी तरफ आवारा व छुट्टा पशु उनकी फसलों को चरने करने का काम कर रहे हैं।किसानों की आय दोगुनी करने के तथा राष्ट्रवाद का नारा देकर भाजपा सत्ता में आती है और उसके बाद कॉर्पोरेट पहले की कार्य योजना पर काम करती है।



## मतदान की प्रक्रिया निष्पक्षता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएः जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**

विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत 5 सितंबर 2023 को मतदान होना है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन स्थित परिसर में समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने ब्रीफिंग की। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटो को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान की प्रक्रिया निष्पक्षता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस एवं सुरक्षा बल उपलब्ध हैं किसी भी प्रकार से मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने उपस्थित पुलिस एवं सुरक्षा बलों को संदेहास्पत लोगों की चेकिंग करने तथा बूथों से 200 मीटर के अंदर अनावश्यक भीड़ जमा न हो, ये भी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि उप निर्वाचन के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है,साथ ही 100% बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था भी की गई है। अतः मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी लोग उन्हें सौंप गए कार्यों का मौके पर अनुपालन कराते हुए चुनाव प्रक्रिया को सकुशल संपन्न करना सुनिश्चित करें। ब्रीफिंग के दौरान जो भी निर्देश दिए जा रहे हैं उनका गंभीरता से अनुपालन कराए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा बलों से बूथों पर उचित व्यवहार करने एवं बिना पहचान पत्र के बूथ के आसपास लोगों के दिखने पर उन्हें तत्काल वहां से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान संदेहास्पद गाड़ियों को भी चेक करने को कहा। इसके अलावा पहचान पत्रों का ठीक ढंग से सत्यापन करते हुए फर्जी मतदान न होने पाए,ये भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पिछले निर्वाचनों के अनुभव को देखते हुए जिलाधिकारी ने फर्जी मतदान को रोकने हेतु मतदाताओं के उंगली पर स्याही का निशान ठीक ढंग से लगाने तथा उसके सूखने तक की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस एवं सुरक्षा बलों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के उपरांत जब तक ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा नहीं हो जाती, तब तक सुरक्षाकर्मी पोलिंग पार्टियों के साथ रहेंगे।


दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक


## सामान्य प्रेक्षक ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/मऊ**

सामान्य प्रेक्षक बेनहुर महेश दत्त इक्का द्वारा घोसी विधान सभा क्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान कन्या प्राथमिक विद्यालय डाड़ी खास के बूथ संख्या-413 एवं 414 का निरीक्षण किया गया। जिसमें मतदान सम्बन्धी तैयारियां संतोषजनक पायी गई। बूथ भवन के सूचना पट्ट पर मतदान सम्बन्धी जानकारी स्पष्ट नहीं लिखी गई थी जिसको नवीनतम मतदान सम्बन्धी जानकारी यथा सम्भव लिखे जाने हेतु लेखपाल को निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय खुखुन्दवा बूथ संख्या-399 एवं 400 का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि उक्त ग्राम में ग्रामीण राजनीति बढ़ने के कारण इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया। प्राथमिक विद्यालय रेवरीडीह के बूथ संख्या 401 का निरीक्षण किया गया, उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं जातिगत तनाव की वजह से इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया, इस सम्बन्ध में प्रेक्षक द्वारा मतदान को शांति पूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिये गये। कमोत्तर विद्यालय सहरोज के बूथ संख्या 404, 405, 406 एवं 407 का निरीक्षण के दौरान उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं विगत 4 वर्षों में संख्यात्मक अपराध बढ़ने के कारण इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया है।

## प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार में किए गए व्यय का तृतीय बार मिलान किया




**केटी न्यूज/मऊ ।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीराम विश्नोई द्वारा 354 घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार में किए गए व्यय का तृतीय बार मिलान किया गया। ऐसे प्रत्याशी जो प्रथम एवं द्वितीय मिलान में उपस्थित नहीं हुए थे उन्हें व्यय प्रेक्षक महोदय के निदेर्शानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा तृतीय मिलान में उपस्थित रहने हेतु नोटिस निर्गत किया गया था। व्यय लेखा का मिलान प्रेक्षक के दिशा निर्देश में लेखा टीम द्वारा जिला पंचायत सभागार में किया गया। तृतीय मिलान में कुल 10 प्रत्याशियों में से 08 प्रत्याशी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। व्यय लेखा रजिस्टर मिलान के दौरान दो प्रत्याशी मुन्नी लाल चौहान (जनता क्रांति पार्टी)एवं विनय कुमार निर्दलीय के अनुपस्थित होने पर प्रेक्षक द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शानुसार कार्यवाही करने हेतु रिटर्निंग ऑफिसर को आदेशित किया गया। प्रेक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर या विधि द्वारा अपेक्षित रीति से अपना लेखा दाखिल करने में असफल रहता है ।

## दूसरी बहन पर हत्या का आरोप

**मऊ।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के उसरी खुर्द गांव में अपनी बहन के यहां रह रही बीमार बहन की संदिग्ध की परिस्थितियों में मौत होने पर उसके भाई ने अपनी दूसरी बहन पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने को तहरीर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गीता राय पुत्र स्वर्गीय विजय बहादुर राय 22 वर्ष निवासी मुंगेश्वर थाना घोसी कैंसर से पीड़ित थी जिसका शनिवार की देर शाम उसरी खुर्द थाना दोहरीघाट बहन के घर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मौसी रंजू राय ने बताया कि गीता राय कैंसर से पीड़ित थी वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी। लगभग 2 महीने पूर्व पिता के गुजरने के बाद उसका कोई देखभाल करने वाला नहीं था। एक भाई था तो वह शराब पीकर दिनभर इधर-उधर गिरता पड़ता रहता था ।


HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT
होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट

24 x 7 सेवा उपलब्ध
शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।
Fully air conditioned room
Banquet Hall
Conference Hall
RESTAURANT
स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध
फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था


## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम तथा वेब कास्टिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया

**केटी न्यूज/मऊ**



विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के घोसी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम तथा वेब कास्टिंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी रवानगी हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मजबूत वैरिकेटिंग एवं पर्याप्त ऊंचाई तक मजबूत जालियों को लगाने के निर्देश दिए, जिससे मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो। इसके अलावा उन्होंने मतगणना हाल में प्रत्येक टेबलों के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की स्थिति तथा पर्याप्त मात्रा में मतगणना स्थल पर प्रकाश की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में ही ईवीएम को सुरक्षित रखने हेतु कुल 6 स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। इसके निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम के दरवाजो सहित अन्य निकासी के रास्तों पर भी सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## माइक्रो आब्जर्वर्स एवं कार्मिकों का तृतीय रैंडमाइजेशन कार्य संपन्न

**मऊ ।** घोसी उप निर्वाचन के 5 को मतदान होना है, जिसके चुनाव ड्यूटी में लगे माइक्रोऑब्जर्व्स एवं कार्मिकों का तृतीय रैंडमाइजेशन कार्य आज सामान्य प्रेक्षक बेनहुर महेश दत्त इक्का,जिलाधिकारी अरुण कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव के समक्ष आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। माइक्रो ऑब्जर्व्स के तृतीय रेंडमाइजेशन के उपरांत उनके मतदान केदो का चयन किया गया। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों के तृतीय रैंडमाइजेशन के उपरांत पोलिंग पार्टियों के बूथों का चयन किया गया।

## व्यापारी समृद्ध होगा, तभी तरक्की करेगा देश व समाजः रमेश

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 30वां स्थापना दिवस मना

**केटी न्यूज/चंदौली**



राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 30वां व्यापारी स्थापना दिवस नूर पैलेस में मनाया। इस दौरान मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि शेषपाल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान जिले से आए व्यापारियों व काशी क्षेत्र से आए पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया।

इस बाबत पर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि व्यापारी समाज हमारा अभिन्न अंग है। समाज में इनकी सहभागिता सर्वोपरि है। व्यापारी समाज हमेशा से विषम परिस्थितियों में समाज के खड़ा रहता है। देश में व्यापारियों की समाज में मुख्य भूमिका होती है। कहा कि व्यापारियों को समृद्धी के लिए उन्हें सुरक्षित व बेहतर माहौल देने का प्रयास होगा। यदि व्यापारियों को कभी भी किसी भी प्रकार के सहयोग की जरूरत हो तो मुझसे मिले और अपनी बातों को रखें। व्यापारियों की हर समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। क्योंकि व्यापारी वर्ग समृद्ध होगा, तभी समाज व देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। साथ हइ उन्होंने व्यापारियों को संगठित होने का भी आह्वान किया। जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि व्यापारी हमेशा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करता आ रहा है। व्यापारी पूरे देश की अर्थव्यवस्था को चलाने का काम करते हैं। व्यापार मंडल हमेशा मजबूत रहा है लोगों के सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहता है। जिले के व्यापारी बंधु अपने लगन और मेहनत के बदौलत अपने कार्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं। इस इस अवसर पर श्रुति जैन, मोती जायसवाल, जिला महामंत्री अनिरुद्ध जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष गणेश मद्धेशिया, जिला महिला अध्यक्ष अर्चना देवी, पूर्व चौयरमैन अरविंद कुमार, अशोक जायसवाल, शीला गुप्ता, शीला देवी, जिला मीडिया प्रभारी अमिय कुमार,पांडेय,बबलू सोनी, हरजीत सिंह ,शेरू खान ,दानिश, प्रीतम जायसवाल ,मकबूल आलम अब्दुल कलाम अंसारी व अन्य मौजूद थे।


R. L. COMPLEX
DUMRAON
TRENDS MALL

आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध
R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open

Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar
Vinod Kumar Rai
Director
R. L. COMPLEX
ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT
Mob - +918340717039